आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :308 पृष्ठ -4 दिनांक 10 नबम्बर 2024 दिन रविवार

# सीएम योगी के बिटिया घबराई वाले बयान पर तिलमिलाए सपा सांसद जावेद अली

## सपा सांसद जावेद अली ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी से आतंकित हैं



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान जहां दिखे सपाई वहां बिटिया घबराई को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है. समाजवादी पार्टी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली ने कहा कि मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद समा. जवादी पार्टी से डरे हुए हैं इसलिए इस तरह के बयान दे रहे हैं. सपा सांसद जावेद अली ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी से आतंकित हैं और लोक सभा चुनाव में हार के बाद से वह घबराये हुए हैं, कि जिस तरह सपा ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराया है वैसे ही इस उप चुनाव में भाजपा को सपा हरायेगी इसलिए बौखलाहट में वह ऐसे बयान दे रहे हैं. सीएम योगी के बयान पर भड़के




सपा सांसदसीएम योगी के लड़की को छेड़ने वाले सपाइयों को चौराहे पर जूते लात–घूंसे से उपचार करने पर सपा सांसद ने कहा कि अगर वह सपा वालों को इंगित कर रहे हैं तो हम यह कहना चाहेंगे कि मुख्यमंत्री जी ने ही चिन्मयानंद के ऊपर जो मुकदमे थे वह वापस लिए हैं. कुलदीप सेंगर को आपका ही संरक्षण प्राप्त था. चिन्मयानंद की तो वह फिल्म सब ने देखी होगी जिसमें वह लड़की के साथ किस प्रकार का व्यवहार कर रहे थे और कुलदीप सेंगर के बारे में क्या–क्या हुआ? मुझे कहने की जरूरत नहीं है वह भी भाजपाई थे. जावेद अली ने कहा कि योगी जी उनके खिलाफ ऐसी कार्यवाही करते तो आज कहने के हकदार होते. सपा सांसद ने कहा कि इस उप चुनाव में सपा 9 में से 8 विधान सभा जीतगी. भाजपा सिर्फ एक सीट ही, जीत पायेगी. सपा सांसद ने ।ड¬ पर सुप्रीम के फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि इस फैसले से उन लोगों को हार का सामना करना पड़ा है जो अल्पसंख्यकों की शिक्षा और उनके शैक्षिक संस्थाओं के बारे में और संविधान के आर्टिकल 30 के बारे में तरह तरह की गलत अफवाहें फैलाते थे और उन्हें बहस का मुद्दा बनाते थे.

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान के आर्टिकल 30 की भावना को पूरी तरह पुख्ता करता है. हमें उम्मीद है कि आगे भी सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्य बेंच जो फैसला लेगी उसके लिए भी इस फैसले ने मार्ग प्रशस्त किया है और वह इसे देखते हुए आगे फैसला लेगी. उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी के यूपी विधानसभा उपचुनाव में संयुक्त चुनाव प्रचार पर कहा कि मुझे अभी इसकी जानकारी नहीं है लेकिन अगर इस तरह का कोई कार्यक्रम बनता है तो वह बहुत अच्छा होगा.

### सीएम योगी ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को दिखाई हरी झंडी, महिलाओं के लिए विशेष सुविधा का किया एलान



राजधानी लखनऊ में शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई। यह कमता से लेकर एयरपोर्ट तक चलेगी। 10 नवंबर से इसका संचालन शुरू हो जाएगा। इसमें न्यूनतम किराया 12 रुपये होगा। वहीं अधिकतम किराया 45 रुपये होगा। सीएम ने इसे सुबह हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि डबल डेकर सिटी बस की एमएसटी बनवाने पर महिलाओं को 50: की छूट मिलेगी। शनिवार सुबह इससे हेरिटेज टूर कराया जाएगा। इसमें महिलाओं को मुफ्त में यात्रा का लाभ मिलेगा।

### सहारनपुर में दिनदहाड़े डबल मर्डर. पंचकूला हाईवे पर चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पंचकूला हाईवे पर चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सहारनपुर के नांगल थाना इलाके के लाखनोर बाईपास पर दो लोगों की हत्या कर दी गई। कार सवार बदमाशों ने ट्रक चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या की गई है।मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी। एसएसपी मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। ट्रक पंजाब नंबर का है। पुलिस दोनों मृतकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## कपड़ा व्यापारी से लूट और हत्या के आरोपी का एनकाउंटर गोरखपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर में कपड़ा व्यापारी की हत्या करने वाले हत्यारे को बीती रात पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया. उसके पैर में गोली लगी है. पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. हत्यारे ने दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी की सोने की चेन लूटने के लिए घर से कुछ दूरी पर गली में चाकू से गला काटकर हत्या कर दी थी. इसके बाद उसने लाश को नाली में धकेल कर फरार हो गया था.गोरखपुर की चिलुआताल पुलिस ने 8–9 नवंबर की रात मुठभेड़ में एक शातिर हत्यारे को गिरफ्तार किया है. एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में चिलुआताल थानाक्षेत्र के गणेशपुरम–मानीराम हाइवे के पास पुलिस गश्त के दौरान बाइक से जा रहे एक शख्स को रोकने का प्रयास किया गया. इस दौरान उसने पुलिस टीम पर तमंचा से फायर कर दिया. पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद आरोपी की पहचान गोरखपुर के गोरखनाथ थानाक्षेत्र के उत्तरी हुमायूंपुर के श्रीवास्तव (चित्रांश) गली के रहने वाले मोहम्मद सैफ पुत्र मोहम्मद रईस के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त चाकू, बाइक, एक तमंचा, खोखा कारतूस बरामद किया है. आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) व 309 (4) के तहत केस दर्ज किया गया है. आरोपी को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है. उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चिलुआताल थानाक्षेत्र के गणेशपुरम–मानीराम हाइवे पर चिलुआताल थानाप्रभारीऔर एसओजी टीम के साथ गश्त कर रहे थे. इस दौरान एक आरोपी सैफ मोहम्मद रईस को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है. उसके बाएं पैर में गोली लगी है. उसके पास से तमंचा, कारतूस, हत्या में प्रयुक्त चाकू, सोने की चेन बरामद की गई है. जो मृतक अनिल गुप्ता की बताई जा रही है. इस मामले में पूर्व में ही थाना चिलुआताल पर मुकदमा पंजीकृत है. अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## नींद में डाला खलल, दो जल्लाद महिलाओं ने कुत्ते के 5 पिल्लों को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया, 3 दिन पहले हुए थे पैदा

मेरठ जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है सेना और CISF जवान की पत्नीयों ने नींद में खलल पड़ने की वजह से 5 पिल्लों को जिंदा जला दिया है. दरअसल उन औरतों का कहना है की रात में पिल्लों के रोने और गुर्राने से उनकी नींद में खलल पड़ता था, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया. एनिमल केयर सोसाइटी के सदस्यों ने शुक्रवार को थाना परिसर में प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की. प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ FIR दर्ज की. एनिमल केयर सोसाइटी के सचिव अंशुमाली ने बताया, श्शोभा और आरती, जो अपने पहले नाम से ही जानी जाती हैं, ने पिल्लों को मार दिया, क्योंकि उनके भौंकने से उन्हें रात में परेशानी होती थी. तीन दिन के मासूम पिल्लों पर लगाई आगैच विपिन ताडा के आदेश पर कार्रवा. ईशुक्रवार को, जब कार्यकर्ताओं को पता चला कि शिकायत अब तक दर्ज नहीं हुई है, तो वे दोबारा थाने पहुंचे और



तत्काल कार्रवाई की मांग की.कार्यकर्ताओं के दबाव के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ FIR दर्ज की. SSP ने कहा, मामला मेरे संज्ञान में आते ही मैंने तुरंत जांच के आदेश दिए. यह घटना मंगलवार की है, और गुरुवार को स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली. दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 325 के तहत FIR दर्ज की गई है. मामले की जांच जारी है.अंशुमाली वशिष्ठ ने बताया कि दोनों महिलाओं ने पिल्लों पर पेट्रोल डालकर उन्हें जला दिया. इन पिल्लों की उम्र मात्र तीन दिन थी और उन्होंने अभी तक अपनी आंखें भी नहीं खोली थीं. वशिष्ठ ने बताया कि, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने भी महिलाओं को रोकने की कोशिश की. इसके बाद

उन्होंने पुलिस से मदद मांगी लेकिन शुरुआती दौर में इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया. इसके बाद एनिमल केयर सोसाइटी ने गुरुवार को सीनियर पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा के संज्ञान में यह मामला लाया.

## नवंबर महीने में भी सर्दी गायब, तराई वाले इलाकों में दिखा कोहरा

नवंबर महीने का पहला हफ्ता गुजर चुका है लेकिन यूपी में सर्दी का असर अब तक गायब दिखाई दे रहा है. हालांकि अब धीरे–धीरे मौसम में कुछ बदलाव आने लगा है. सुबह और शाम के समय अब ठंडक महसूस हो रही है लेकिन दोपहर में ठीकठाक गर्मी पड़ रही है. हालांकि इस बीत तराई वाले इलाकों में हल्का कोहरा छा रहा है, मौसम विभाग के मुताबिक 15 नवंबर के बाद हवा में ठंडक और बढ़ सकती है. ऐसे में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है. उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम सुहाना बना हुआ है. हवा में हल्की ठंड महसूस हो रही है लेकिन, इस बार सर्दी का असर उतना नहीं है जितना अक्सर नवंबर महीने में हुआ करता था. प्रदेश में अगले एक हफ्ते मौसम शुष्क ही रहने की संभावना बनी हुई है लेकिन, सुबह के समय पूर्वी यूपी के तराई वाले क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना बनी हुई है. इस दौरान कहीं भी बारिश या बादल गरजने की आशंका नहीं व्यक्त की गई है. जानें कब से पड़ेगी सदमौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक जल्द ही अब मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. रात के साथ दिन में भी ठंडक बढ़ेगी और ठंडी हवाओं से अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी. 15 नवंबर से रात के साथ दिन में भी ठंडक महसूस होने लगेगी और लोगों को गर्म कपड़ों की जरुरत पड़ सकती है. इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है. 25 नवंबर के बाद ठंड का असर और तेज होता चला जाएगा. दिसंबर की शुरुआत से सर्दी अपनी पूरी फॉर्म में दिखाई दे सकती है. हालांकि इस हफ्ते लोगों को दोपहर में तेज धूप का ही सामना करना पड़ेगा. पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक तापमान प्रयागराज में 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि नजीबाबाद में सबसे कम अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस तक रहा. राजधानी लखनऊ में 32.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा. जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया. अगले पांच दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन की संभावना नहीं है.

### ये कलियुग है, यहां सब उल्टा हो रहा है, वाचाल बन गए हैं सीएम योगी आदित्यनाथ पर भड़के अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ के सियासी बयानों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. लखनऊ में सपा कार्यालय में नोटबंदी के दिन जन्म लिये खजाँची का जन्म दिन मनाने के लिये पार्टी नेता एकजुट हुए. इस दौरान अखिलेश ने कहा कि खजांची जितना बड़ा होता जा रहा है उतना ही बड़ा नोट बंदी की नाकामी सामने आ रही है. नोटबंदी केवल दिखावटी रहा. सीएम योगी के बयानों के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि अब उनकी भाषा बदल गई है. मन की कुटीलता ही वचन की कटुता बनती हैय जिन्होंने अपने पर से मुकदमे हटाये हों वो जितना कम बोलेंगे उतनी उनकी सचाई छुपी रहे.पूर्व सीएम ने कहा कि एनकाउंटर वाली सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है. इसकी शुरुआत उपचुनाव से हो जाएगी.

### महिला की नसबंदी का वीडियो वायरल होने पर डिप्टी सीएम ने तुरंत लिया एक्शन, अधिकारियों से तीन दिन में मांगा जवाब

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीतापुर के हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष में महिलाओं की नसबंदी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए.घटना को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री पाठक ने सीतापुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को जांच करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई लागू करने के निर्देश दिए.इन निर्देशों के बाद सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को हटा दिया, एक माह का वेतन रोकते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है. पाठक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जनपद–सीतापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरगांव में प्रसव कक्ष में महिला की नसबंदी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की घटना का पता चलने पर मेरे द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लिया गया. तीन दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर को दिये गये निर्देश के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव के अधीक्षक को तत्काल हटा दिया गया है. वहीं एक माह का वेतन रोकते हुए तीन दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया है.साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ का एक माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है. तथा स्टाफ नर्स एवं वार्ड आया को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव से हटा दिया गया है.दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई इसके अलावा दो प्रशिक्षु फार्मेसिस्ट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है.उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे द्वारा मामले की गंभीरता के दृष्टिगत पूरे प्रकरण में चार दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया गया.रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद शासन स्तर से इस मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी.मातृशक्ति हमारे लिए पूज्यनीय है, इस अक्षम्य एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा.

# हापुड़ की रिफाइंड तेल के गोदाम में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं, दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी



यूपी के जनपद हापुड़ में शनिवार की सुबह एक बड़े अग्निकांड से हड़कंप मच गया. यहां बाबूगढ़ छावनी में स्थित एक रिफाइंड ऑयल के गोदाम में अचानक आग लग गई. आग इतनी जबरदस्त है कि पूरा गोदाम आग की लपटों से देखते ही देखते धधक उठा. घटना की जानक. री आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी, तो फायर सेफ्टी के जवान आनन–फानन में मौके पर पहुंच गए. लेकिन आग इतनी ज्यादा थी कि सेफ्टी के जवानो को भी काफी दिक्कतें हो रही थी.आग को बुझाने के प्रयास किया जा रहे हैं, लेकिन आग अभी तक काबू में नहीं आ रही है. रिफाइंड ऑयल के गा. ेदाम में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अधिकारियों द्वारा की जा रही है. फिलहाल मौके पर फायर सेफ्टी के जवानों के अलावा थाना बाबूगढ़ पुलिस सहित तमाम पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौजूद है.बता दें कि आग लगने के बाद फैक्ट्री कर्मचारियों और आसपास रहने वाले लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है. पूरी फैक्ट्री जलने का अनुमान फैक्ट्री में आग लगने की सूचना जैसे ही पुलिस अधिकारियों को हुई तो मौके से घटनास्थल पर पहुंच गए. वहीं फायर बिग्रेड की टीम लगातार आग को बुझाने के प्रयास में लगी हुई है. पुलिस अधिकारी आग कैसे लगी इसके कारणों का पता लगाने में जुटे हुए है.उनका कहना है कि जल्द ही आग कैसे लगी इसका पता चल जाएगा. हालांकि फैक्ट्री में किसी के भी घायल होने की खबर सामने नहीं आई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूरी फैक्ट्री के नुकसान होने की खबर सामने आई है. चलती गाड़ी में लग गई थी आग हापुड़ में कुछ दिन पहले दिल्ली–लखनऊ हाइ. वे पर एक चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई थी. जिसे देखकर हर कोई हैरान हो गया था. हालांकि चालक ने गाड़ी से उतरकर जैसे–तैसे जान बचाई थी.इसकी सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके से पहुंचकर आग पर काबू पाया था, फिलहाल कार में आग के कारणों का पता नहीं चल पाया.

## दिल्ली में बेटे ने की मां की चाकू से गोदकर हत्या, पापा को बुलाकर मांगी माफी, फिर मौके से हो गया फरार

दिल्ली के बदरपुर थाना इलाके में एक कलियुगी बेटे ने मां की मामूली बात पर चाकू से गोदकर हत्या कर दी. मां का कसूर इतना था कि वो अपने बेटे से बार–बार कह रही थी अब शादी कर ले. बेटा इस जिद पर अड़ा रहा कि मैं कनाडा जाऊँगा. मां ने इसकी इजाजत देने से इनकार किया तो उसने हत्या की बारदात को अंजाम दे दिया.यह घटना 6 नवंबर 2024 को शाम करीब 5 बजे की. अपोलो अस्पताल से बदरपुर थाना पुलिस को एक सूचना मिली कि गीता नाम की एक महिला को खून से लथपथ हालात में अस्पताल भर्ती कराया गया है. डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया. महिला बद. रपुर की रहने वाली है. उसके शरीर पर चोट के निशान हैं. पापा को बस इतना बोला आप ऊपर जाएं सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस की जांच में सामने आया कि कृ ष्ण कांत जो महिला का बेटा है, ने दोपहर लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर अपने पिता को फोन कर घर आने के लिए कहा. जब उसके पिता, सुरजीत सिंह घर पहुंचे तो कृष्ण कांत ने उनसे माफी मांगते हुए कहा कि ऊपर जाएं. इतना कह कर वो घर से भाग गया. बेटे ने जुर्म कुबूल किया सुरजीत सिंह जब फर्स्ट फ्लोर पर पहुंचे तो उन्होंने अपनी पत्नी गीता को खून से लथपथ पाया. उसके शरीर पर कई चोट के निशान थे. सुरजीत सिंह ने पड़ोसियों की मदद से अपनी पत्नी को तुरंत अपोलो अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. दिल्ली पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सुरजीत के बेटे कृष्ण कांत की तलाश भी शुरू की. पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया. जब उससे पूछताछ हुई तो उनसे अपना जुर्म कुबूल कर लिया. ये है हत्या की वजह दिल्ली पुलिस के मुताबिक वारदात वाले दिन आरोपी कृष्ण कांत और उसकी मां दोनों घर पर अकेले थे. पुलिस ने बताया कि वो कनाडा जाना चाहता था, लेकिन परिवार पहले उसकी शादी करवाना चाहता था. इसी बात पर उसका अपनी मां से झगड़ा हो गया. आरोपी कृष्ण कांत ने चाकू से अपनी मां पर हमला कर दिया. कत्ल करने के बाद उसने अपने पिता को फोन करके बुलाया और माफी मांगते हुए उन्हें ऊपर जाने के लिए कहा और फरार हो गया. दिल्ली पुलिस के मुताबिक सुरजीत सिंह पेशे से प्रोपर्टी डीलर है. उनके दो बेटे है. बड़ा बेटा कृष्ण कांत उर्फ केके है जो बेरोजगार है और नशे का आदी है. छोटा बेटा साहिल बैंक में नौकरी करता है. दोनों बेटों की शादी नहीं हुई है. मामले की जांच जारी है.

## अयोध्या के बाद अब दिल्ली में भी होगा दीपोत्सव का आयोजन, ड्रोन और भव्य लेजर शो का भी दिखेगा नजारा

दिल्ली में 13 नवंबर 2024 की शाम को दीपोत्सव का आयोजन होगा. यह आयोजन देव दीपावली, गुरु पर्व, और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पूर्व हो रहा है. दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित यमुना आरती में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना शामिल होंगे. यह कार्यक्रम कश्मीरी गेट के पास पुनर्विकसित वासुदेव घाट पर मनाया जाएगा.यमुना आरती आयोजन में 3,50,000 से अधिक दिये जलाए जाएंगे. इस आरती में विभिन्न क्षेत्रों से आए रहवासी, विद्यार्थी और कलाकार भाग लेंगे. कार्यक्रम में एक भव्य ड्रोन और लेजर शो भी आयोजित किया जाएगा. इसके साथ ही, वासुदेव घाट पर स्थित श्बारादरीश में भव्य राम दरबार का मंचन किया जाएगा.मार्च 2024 में वासुदेव घाट का उद्‌घाटन किया गया था. उपराज्यपाल के मुताबिक इस दीपोत्सव का उद्देश्य शहर के लोगों को नदी के समीप लाना और उन्हें नदी की सफाई में भागीदार बनाना है. दिल्ली दीपोत्सव आध्यात्मिकता और पर्यावरणीय स्थिरता के संगम को प्रदर्शित करेगा. वासुदेव घाट भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है. यहां पर देश के विभिन्न राज्यों से लाई गई मूर्तियां और कलाकृ तियां शामिल हैं.उपराज्यपाल दफ्तर के मुताबिक इस वर्ष की शुरुआत से घाट पर आयोजित होने वाली भव्य यमुना आरती, जो प्रति सप्ताह दो बार होती है, अब एक आकर्षक ड्रोन शो के साथ और भी भव्य बन जाएगी, जो आध्यात्मिक वातावरण को और भी दिव्यं करेगी. रोशनी, साउंड और गति के इस अद्‌भुत तालमेल से यह आयोजन सभी आगंतुकों के लिए एक यादगार क्षण होगा.वासुदेव घाट की ये है खासियतवासुदेव घाट में सुसज्जित उद्यान, कच्चे पैदल मार्ग आदि स्थान विकसित किए गए हैं, जिससे यह एक आदर्श सार्वजनिक हरित क्षेत्र के रूप में स्थापित हुआ है. यह घाट डीडीए द्वारा दिल्ली भर में विकसित किए जा रहे हैं. अन्य खुले सार्वजनिक स्थलों के समान तैयार किया गया है, जो न केवल पर्यावरण सुंदरता को बढ़ाता है बल्कि लोगों को एक स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में भी प्रेरित करता है.

## मौलवी नें जिन्न का साया बताकर एक . महिला के साथ दुष्कर्म किया

यूपी के मुजफ्फरनगर से एक ऐसा मामला सामने आया है कि जिसके बारे में सुनकर आपकी रूह कांप जाएगी. एक मौलवी ने जिन्न का साया बताकर एक महिला के साथ दुष्कर्म किया. जब उस महिला ने इसका विरोध किया तो वो उसे डराने लगा. अब ये मामला पुलिस स्टेशन में है. पुलिस आरोपी को ढूंढ रही है. जल्द से जल्द वो सलाखों के पीछे होगा.एक मौलवी ने जिन्न का साया उतारने के बहाने एक महिला के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया. जब उस महिला ने इसका विरोध जताया था अपराधी मौलवी ने उसके आंखों की रोशनी चली जाने का खौफ दिखाया. इतना ही नहीं अपराध को अंजाम देने के बाद अपराधी उसे जोर जबरदस्ती कर बस में बैठने की कोशिश की है. हालांकि मामला थाने तक पहुंच गया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मौलवी को गिरफ्तार करने के लिए तैयारी कर ली है. जानकारी के अनुसार महिला अपनी पांच बहनों के साथ दिल्ली में रहती हो. पीड़िता अपनी बहनों के साथ मुजफ्फरनगर निवासी मौलवी इरशाद के पास गई थी. पहले तो आरोपी ने बहनों के सामने उसका इलाज करने से मना कर दिया. फिर पीड़िता को अपना नंबर देता है और उसे अकेले अपने पास बुलाता है. पीड़िता झांसे में आ जाती है और बीते मंगलवार को अकेली मुजफ्फरनगर चली गई. मौलवी उसे सहारनपुर बस अड्डे से अपने साथ घर ले कर जाता है.अपने घर ले जाकर जिन्न का साया कह कर उसे कुछ पीने को देता है. उसे पीते ही पीड़िता बेहोश हो जाती है. फिर आरोपी मौलवी उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम देता है. जब महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है तो वो उसका विरोध करती है. मौलवी उसे डराने–धमकाने लगता है. पीड़िता को कहता है कि अगर किसी को भी इसके बारे में बताएगी तो उसकी आंखों की रोशनी चली जाएगी. उसके बाद मौलवी उसे जबरन बस में बैठाने की कोशिश करता है. महिला ने इंसाफ के लिए यूपी–112 पर कॉल लगाया और फिर पुलिस को सारी आपबीती सुनाई. पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर लिया है. आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम भी लग गई है. फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश मे लगी हुई है. आसार है कि आरोपी जल्द से जल्द सलाखों के पीछे होगा.

## पर्यटक दंपती की लापता कुतिया खोजने वाले को अब 50 हजार का इनाम, पांच दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

आगरा आए पर्यटक दंपती की कुतिया का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। वहीं कुतिया के न मिलने से दंपती बेहद दुखी हैं। अब दंपती ने इनाम की रकम भी बढ़ा दी है। कुतिया को खोजकर लाने वाले को 50 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। हमारी प्यारी कुतिया (ग्रेहॉन्ड) कहीं भी नहीं मिल पा रही है। तलाश में 30 से अधिक लोग लगे हुए हैं। सीसीटीवी कैमरे देखे गए। 3 किलोमीटर तक इलाके में देखा। मगर, कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। आखिर कब तक इंतजार करें। यह कहते हुए कस्तूरी पात्रा रो पड़ती हैं। अब तो इनामी धनराशि 20 से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है।दिल्ली निवासी दीपायन घोष और उनकी पत्नी कस्तूरी पात्रा 1 नवंबर को होटल ताज व्यू में ठहरे थे। वह अपने साथ अपने दो कुत्तों को लेकर आए थे। 3 नवंबर को फते. हपुरी सीकरी जाने पर दोनों को होटल में कर्मचारी के हवाले करके गए थे। मगर, कर्मचारी की लापरवाही की वजह से उनकी कुतिया लापता हो गई। उन्होंने बृहस्पतिवार को थाना पर्यटन में होटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। उधर, दीपायन घोष ने बताया कि वह कुतिया की तलाश में जुटे हुए हैं। इसके लिए होटल के 10 से अधिक कर्मचारी, 10–12 पशु प्रेमी के अलावा पुलिस भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया कि स्मार्ट सिटी के कैमरों से कुतिया की तलाश की गई। मगर, वो शाहजहां गार्डन के पास से जाती नजर आ रही है। इसके बाद उसका पता नहीं चला है। पुलिस टीम को लगाया गया है।मुकदमा लेंगे वापस उधर, कस्तूरी पात्रा ने पुलिस को तहरीर दी थी। इस पर होटल के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम, जानबूझकर लापरवाही बरतकर जानवर की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने और आपराधिक विश्वासघात की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पर्यटक का कहना है कि वह पुलिस को शपथ पत्र दे चुके हैं। मुकदमा वापस लिया जाएगा।

## कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म पीड़िता बोली– कभी जबरदस्ती शराब पिलाता तो कभी गांजा और सिगरेट, दो शिक्षक गिरफ्तार

कानपुर में काकादेव थाना क्षेत्र के एक नामी कोचिंग सेंटर की पूर्व छात्रा ने दो शिक्षकों पर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए कल्याणपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है शिक्षक ने दुष्कर्म का वीडियो और फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर छह माह तक शारीरिक शोषण किया। इसके चलते वह अवसाद में चली गई। एक साल बाद पीड़िता ने आरोपी कोचिंग शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दोनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। शनिवार को आरोपी शिक्षकों को कोर्ट में पुलिस पेश करेगी। पकड़े गए आरोपियों में एक शिक्षक का एक छात्रा के साथ पहले भी अश्लील हरकत करते सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो चुका है। मूलरूप से फतेहपुर जिले की रहने वाली छात्रा ने बताया कि वह वर्ष 2022 में नीट की तैयारी करने शहर आई थी।दुष्कर्म कर फोटो और वीडियो बना लियायहां काकादेव स्थित एक कोचिंग में उसकी मुलाकात नागेश्वर अपार्टमेंट निवासी बॉयलोजी के शिक्षक साहिल सिद्दीकी से हुई। पिछले साल जनवरी में साहिल सिद्दीकी ने न्यू ईयर पार्टी के नाम पर कल्याणपुर के मकड़ीखेड़ा स्थित शक्ति डिपार्टमेंटल स्टोर के ऊपर फ्लैट में बुलाया। आरोप है कि वहां साहिल सिद्दीकी ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर फोटो और वीडियो बना लिया। इसके बाद फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।चयन न होने से छात्रा का मानसिक संतुलन बिगड़ गयायही नहीं होली के बाद साहिल ने अपने दोस्त केमिस्ट्री शिक्षक विकास पोरवाल को अपने फ्लैट पर बुलाया। नशे की हालत में विकास ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच पिछले साल 24 जून 2023 के नीट रिजल्ट में उसका चयन न होने से उनका मानसिक

संतुलन बिगड़ गया। एक साल तक चले इलाज के बाद उसने शुक्रवार को थाने में तहरीर दी। पुलिस ने एफआ. ईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैदोनों आरोपी शिक्षकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शनिवार को छात्रा का मेडिकल कराने के साथ ही बयान दर्ज कराए जाएंगे। –अभिषेक कुमार, एसीपी कल्याणपुरवीडियो वायरल की धमकी देकर छह माह नहीं जाने दिया घर छात्रा ने बताया कि फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर साहिल उसे छह माह तक अपने इशारे पर नचाता रहा। बिना उसकी मर्जी के कहीं आ जा नहीं सकती थी। पिछले साल होली में दो दिन के लिए घर जाने दिया था। घर गई तो कॉल कर उसने होली के दिन ही वापस बुला लिया। इन्कार पर छोटे भाई और मां को जान से मारने की धमकी दी। न तो कोचिंग जाने देता ना ही फ्लैट से बाहर। विरोध पर मारपीट करता था। वह कभी जबरदस्ती शराब पिलाता तो कभी गांजा और सिगरेट।बदनामी के डर से जान देने का किया प्रयास छात्रा ने बताया कि दोनों शिक्षकों से तंग आकर उसने कई बार सुसाइड का प्रयास भी किया, लेकिन मां का चेहरा सामने आने के बाद वह रुक जाती थी। नीट रिजल्ट में उसका चयन न होने पर रोते हुए मां से यहां से ले जाने के लिए कहा। इस पर मां उसे लेने शहर आई। उस दौरान भी साहिल ने एक साल और तैयारी के लिए समझाने की कोशिश की। छात्रा की मां ने उससे झूठ बोला कि घर में पिता की चलती है और वह चाहते हैं कि बीएचएमएस की पढ़ाई करे। इस झूठ के बाद छात्रा साहिल के चंगुल से छूट सकी।घटना के वक्त नाबालिग थी छात्राछात्रा ने पुलिस को बताया कि वह घटना के वक्त नाबालिग थी। अवसाद का एक वर्ष तक परिजनों ने इलाज कराया।

इस बीच उसे यूट्यूब पर साहिल का एक वीडियो मिला, जिसमें साहिल एक युवती के साथ रोमांस करते हुए पकड़ा गया था। इस मामले में उसे जेल भी जाना पड़ा था। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर शुक्रवार थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।साहिल का दो माह पहले छात्रा के साथ रोमांस करते वीडियो हुआ था वायरल बीते 29 सितंबर को साहिल सिद्दीकी का एक छात्रा के साथ अश्लील हरकत करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार किया था। इस मामले में टीचर साहिल सिद्दीकी के पक्ष में सैकड़ों छात्रों सड़क पर उतर आए थे। हंगामा और जमकर नारेबाजी की। स्वरूपनगर सर्किल थाने की फोर्स ने छात्रों की भीड़ को नियंत्रित किया था। हालांकि छात्रा ने किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की थी। उसका कहना था कि सर मुझे उल्टी आ रही थी, इसलिए सर बाथरुम ले गए थे।

## विदाई के 4 दिन बाद ही उठी विवाहिता की अर्थी, छत के कुंडे से लटकर दे दी जान,

औरैयारू बेटी की घर से विदाई करना बड़ी ही किस्मत की बात होती है। लेकिन डोली में विदा करने के बाद ठीक चौथे दिन ही उसकी मौत की खबर आ जाएगी, शायद इसका अंदाजा उसके परिवार के लोगों को नहीं था। उत्तर प्रदेश के औरैया में कुछ ऐसी ही घटना घटी जिसने सबको झकझोर कर रख दिया है। यहां पर एक विवाहिता की शादी चौथे दिन मौत हो गई है। उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। बेटी की शादी के बाद मायके वाले चौथी चढ़ाने आ रहे थे, लेकिन अचानक बेटी की मौत की खबर सुनकर उनके होश उड़ गए। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक ससुराल के लोग वहां से फरार हो चुके थे।क्या है पूरा मामला पूरा मामला अजीतमल कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के चांदूरपुर निवासी मनोज कुमार की 19 वर्षीय बेटी हिमानी की शादी 5 नवंबर को करके का पुरवा निवासी शिवम के साथ हुई थी। मृतका के भाई हेमंत ने बताया कि शुक्रवार की रात 9 बजे बहन से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। सोमवार को वह लोग चौथी की रश्म पूरी करने आने वाले थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने बहन की मौत होने की जानकारी दी।हेमंत ने बताया कि जब वह परिजन के साथ करके का पुरवा आए तो बहन का शव कमरे में छत के कुंडे पर साड़ी के फंदे पर मिला। वहीं, पड़ोसियों की सूचना पर रोते।बिलखते परिजन पहुंचे। इसके बाद पुलिसको सूचना दी।ससुरालीजन तब तक मौके से गायब हो गए थे।रोते–बिलखते घर पहुंचे परिजनइस अनहोनी की खबर के बाद मृतका की बहन ऋचा, मां रेशमा बिलखने लगी। रोते हुए बेबस मां बेटी के घर पहुंची। मृतका के भाई हेमंत ने बताया कि वह अजीतमल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। ससुराल के लोगों ने बताया कि फांसी लगाकर उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली। बहन की शादी 5 नवंबर को हुई थी और इस सोमवार को चौथी चलनी थी।हेमंत ने बताया रात को घर वालों की अच्छे से बात हुई थी। 9 बजे तक घर वालों से बातचीत हुई। उसके बाद क्या हुआ? मालूम नहीं। शनिवार को बहन की मौत की खबर आई।सीओ ने दी जानकारी वहीं, इस पूरे मामले में सीओ अशोक सिंह का कहना है कि 9 नवंबर की सुबह प्रभारी निरीक्षक अयाना को सूचना मिली कि बीती रात हिमानी 19 वर्ष छत की लोहे की कुंडी से साड़ी के फंदा बनाकर लटककर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।अशोक सिंह ने कहा कि फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए शव को नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, 5 नवंबर को मृतका की शादी हुई थी। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी पहुंचे खैर, जनसभा में बटोगे तो-कटोगे और एएमयू पर बोले



अलीगढ़ (जननायक सम्राट) खैर कोतवाली के सामने मैदान पर जनसभा स्थल पर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के लिए वोट मांगेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा में उन्हें सुनने के लिए हिंदू, मुस्लिम और सिक्ख समाज से भी आए हैं। सीएम योगी के आने से पहले अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना राजा महेंद्र प्रताप की दी हुई जमीन पर हुई है, इसलिए विश्वविद्यालय पर सभी समाजों का हक है। यहां हर हालत में आरक्षण लागू कर–कर रहेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर आईटीएम कॉलेज करसुआ के हेलीपैड पर उतरा। वहां से अलीगढ़–खैर मार्ग होते हुए 11 किमी दूर खैर कोतवाली के सामने मैदान पर पहुंचे। मंच पर पहुंचने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलीगढ़ कैसा होना चाहिए, उसमें खैर की क्या भूमिका होनी चाहिए, यह बात करने आया हूं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता ने कहा कि हमें डबल इंजन की सरकार चाहिए, हमें भाजपा चाहिए। जिस राजा महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने भूला दिया था, भाजपा उनके नाम से एक राज्य विश्वविद्यालय दिया है। उच्चतम न्यायायलय के एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले का जिक्र किया। जब भारत का एएमयू में पैसा लगा है तो वहां भी एससी, एसटी आदि को भी वहां नौ. करी और पढ़ने में आरक्षण मिलना चाहिए। जम्मू–कश्मीर से धारा 370 हटाई तो वहां अच्छा माहौल बना, पर अब फिर से वहां माहौल बिगड़ना शुरू हो गया। योगी ने बंटे थे तो कटे थे का जिक्र किया और कहा बटो मत, एक हो, तभी कटने से बचोगे। पहले पेंशन भी समाजवादी पार्टी के लोगों को मिलती थी, आम जनता को नहीं। जब डबल इंजन की सरकार आई तो अब सब जनता को बिना भेदभाव को मिल रहा है। अलीगढ़ का ताला उद्योग भी पुर्नरजीवित हो गया है। अब अलीगढ़ में भी अपना विश्वविद्यालय हो गया है। विश्वविद्यालय आपकी पीढ़ी को बनाएगा। यह राजा महेंद्र प्रताप सिंह का विवि आगे बढ़ता है या एएमयू, यह आपको दिखाना है। लाल टोपी और काले कारनामों को पनपते मत दीजिए।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा वालों ने लोकसभा चुनाव से पहले जो अफवाह फैलाई थी, सब एक्सपोज हो गए। इस बार चुनाव में इनको सफाचिट कर दीजिए। अलीगढ़ की धरती से संदेश जाना चाहिए कि बंटेंगे नहीं एक रहेंगे और सेफ रहेंगे। सीएम ने कहा कि किशनलाल दिलेर और मैं एक साथ सांसद थे, वे बड़े नेक इंसान थे। आपने अनूप प्रधान हाथरस के सांसद बने, अब भाजपा, रालोद, एनडीए ने सुरेंद्र दिलेर को अपना प्रत्याशी बनाया है। विकास और विरासत के समन्वय के प्रत्याशी को चुनें। जब राजवीर सिंह दिलेर का टिकट कटा तो मैंने उनसे बात की, तो उन्होंने कहा था कि पार्टी का निर्णय सर्वोपरी है। उन्होंने जीवन के अंत तक भाजपा का साथ दिया। अब उनके पुत्र सुरेंद्र दिलेर को मौका दें।उन्होंने कहा कि हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि हम सुरक्षा की गारंटी देंगे। 20 नंवबर को सुरेंद्र दिलेर को जिताने के लिए एक साथ सहयोग दें। कटोगे, तो बटोगे के साथ योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे के साथ उन्होंने संबोधन का समापन किया।अलीगढ़ जनपद की खैर विधानसभा में उपचुनाव के मद्देनजर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ आज जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के लिए वोट मांगेंगे। वहीं पर सीएम योगी की–वोटर्स के साथ बैठक भी करेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ की आज खैर में जनसभा है। जिसके लिए सीएम योगी हेलीकॉप्टर से सुबह 11.50 बजे खैर पहुंचेंगे। उनका हेलीकॉप्टर आ. ईटीएम कॉलेज करसुआ में बने हेलीपैड पर उतरेगा। अलीगढ़–खैर मार्ग से 11 किमी दूर खैर कोतवाली के सामने मैदान पर जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। वहां पर वह करीब 45 मिनट तक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के लिए वोट करने की अपील करेंगे। जिसके बाद वह की–वोटर्स के साथ बैठक लेंगे। दोपहर 1.10 पर हेलीकॉप्टर से मैनपुरी रवाना हो जाएंगे।

## श्री वार्ष्णेय मंदिर की गौशाला में गोपाष्टमी पर हुआ गौ माता का पूजन

महानगर अलीगढ़ (जननायक सम्राट) के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मंदिर की गौशाला में गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर गौ माता का पूजन विधि विधान से किया गया ।श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार प्रातः से ही गौ माता का श्रंगार चुनरी एवं मालाओं के साथ किया गया ।श्री वार्ष्णेय मंदिर के महंत पंडित मनोज मिश्रा व प0 महेश ब्रह्मचारी जी ने गौ माता का पूजन वैदिक रीति से विधि विधान से कराया । भक्तों ने गौमाता का भोग गुड़ चना , हरा चारा, फल आदि से लगाया । इस अवसर पर गौमाता की आरती भी की गयी । कई जोशीले भक्तों ने सोशल मीडिया पर प्रेषित करने के लिए गाय माता के साथ सेल्फी भी ली ।

इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय मंदिर के व्यवस्थापक श्री राधे श्याम गुप्ता स्क्रैप वाले, गुलाब चंद सुपारी वाले , बृजेश कंटक , राहुल स्क्रैप , नीरू गुप्ता स्क्रैप , पूर्व पार्षद अलका गुप्ता , योगेश वार्ष्णेय बंटी , एल डी वार्ष्णेय, धीरेन्द्र गुप्ता फोटो , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , दीपिका वार्ष्णेय , अश्विनी मेटल्स , यतीश वार्ष्णेय ,हिमानी वार्ष्णेय , शालिनी वार्ष्णेय , राहुल वार्ष्णेय, आशीष वार्ष्णेय , राजू गनपत ,लव गुप्ता , दामिनीगुप्ता , जीतू वार्ष्णेय , कान्हा वार्ष्णेय ,अनुपम सज्जू ,संतोष डिब्बा आकाशदीप वार्ष्णेयऐडवोकेट, गिरीश वार्ष्णेय,डॉ सुनील कुमार बंटी जयसवाल संदीप वार्ष्णेय घी , अंकित वार्ष्णेय , पारस गुप्ता , निखिलवार्ष्णेय , विकास वार्ष्णेय , दिनेश चंद्र वार्ष्णेय , सुनील मित्तल , नीटू शर्मा आदि ने गौ माता का पूजन किया ।

## नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में विधिक सेवा दिवस का हुआ आयोजन




अलीगढ़ (जननायक सम्राट) विधिक सेवा संस्थानों द्वारा हर साल 09 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुपालन एवं जिला न्यायाधीश संजीव कुमार के दिशा निर्देशन और अपर जिला जज व पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को विधिक सेवा दिवस का आयोजन मुख्यालय स्तर एवं जिले की सभी तहसीलों पर किया गया। विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय स्तर एवं जिले की सभी तहसील के स्कूल, कॉलेज व विधि विद्यालय पर एक प्रभात फेरी, रैली व कैम्प का आयोजन किया गया।नौरंग. ीलाल राजकीय इण्टर कॉलेज से प्रातः 09 बजे रैली का आयोजन किया गया जो शहर के विभिन्न स्थानो से होकर गुजरी जिसमें लीगल एंड डिफेंस काउ. न्सिल सिस्टम चीफ, डिप्टी, असिस्टेण्ट, पराविधिक स्वंय सेवकगण व कार्यालय स्टॉफ द्वारा विधिक जानकारियां उपलब्ध कराते हुए पम्पलेट का वितरण किया गया। रैली में स्कूल के छात्र, अध्यापक, पराविधिक स्वंय सेवकगण, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम के चीफ, डिप्टी, असिस्टेण्ट, आशा वर्कर्स, आंग. नवाडी कार्यकत्री उपस्थित रहे। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर नौरंगीलाल राजकीय इण्टर कॉलेज परिसर में आयोजित शिविर में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम चीफ जगदीस सारस्वत, डिप्टी इन्द्रजीत सिंह चडडा, एवं असिस्टेण्ट सोमेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा स्कूल के छात्रों, आशा वर्कर्स, आंगनवाडी कार्यकत्री को विधिक कानूनो के बारे में जानकारी दी। असिस्टेट लीगल एड डिफेनस काउन्सिल सिस्टम के सोमेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि समाज के जो गरीब, असहाय, बेसहारा लोग न्याय व अपने अधिकारो से बंचित रह जाते है उनके लिये संविधान में 1976 में संसोधन किया गया जिसमें राज्य के निति निदेशन तत्व पाठ में 39ए जोडा गया जिसमें प्रत्येक को समान न्याय व निःशुल्क विधिक सहायता मिले। 1987 में लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी एक्ट पारित हुआ जो आज ही के दिन 09 नवम्बर सन 1995 में लीगल सर्विस अथोरिटी एक्ट लागू हुआ। और उसी दिनराष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना हुयी। शिविर में समाज के गरीब, असहाय, बेसहारा लोग न्याय व अपने अधिकारो के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीमती हितेश कुमारी द्वारा शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। वन स्टॉप सेन्टर की मैनेजर श्रीमती सीमा अब्बास द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन नम्बर व हिंसा से पीडित महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर पर एक ही जगह पर कई तरह की मदद देने की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। नौरंगीलाल राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य आर0पी0 सिंह तौमर द्वारा भी छात्रों को विधिक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर कार्यालय स्टॉफ मनोज कुमार कनिष्ठ लिपिक, राहुल कुमार डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, बृजेश कुमार, नरसिंह, पराविधिक स्वंय सेवकगण श्रीमती चंचल वार्ष्णेय, श्रीमती सईदा खातून, अजय कुमार, सत्यप्रकाश गोयल, नौरंगीलाल राजकीय इण्टर कॉलेज के अध्यापक–अध्यापिकाएं एवं कार्यालय स्टॉफ व आंगनवांडी, आशा वर्कर्स उप. स्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा वार्ष्णेय पराविधिक स्वंय सेवक द्वारा किया गया।

## ट्रांसपोर्ट नगर में नौ करोड़ से होगा विद्युतीकरण, छह करोड़ से सड़क होगी चौड़ी, हटेंगे विद्युत खंभे



अलीगढ़ स्मार्ट सिटी के तहत करीब छह किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए काम होगा। विद्युत खंभे तार और ट्रांसफॉर्मर हटाए जाएंगे।अलीगढ़ के ट्रांसपोर्ट नगर में अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) नौ करोड़ रुपये से विद्युतीकरण और मिट्टी भराई का कार्य कराएगा। इसके लिए टेंडर निकाला गया है।ट्रांसपोर्ट नगर के सेक्टर–5 के गड्ढों में 204. 98 लाख रुपये से मिट्टी भराई होगी। यह कार्य नौ महीने में पूर्ण कराने होंगे। इसी तरह ट्रांसपोर्ट नगर योजना में विद्युतीकरण 706. 74 लाख रुपये से होगा। मिट्टी भराई कराने होने के बाद मुख्य सड़कों पर छायादार पौधे लगाए जाएंगे। पौधों के रखरखाव के लिए आरसीसी के ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। एडीए की उपाध्यक्ष अपूर्वा दुबे ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में 9 महीने में मिट्टी भराई कार्य होगा। 18 महीने में सभी सड़कों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था होगी।छह करोड़ से सड़क चौड़ीकरण के लिए हटेंगे विद्युत के खंभेअलीगढ़ स्मार्ट सिटी के तहत करीब छह किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए काम होगा। विद्युत खंभे तार और ट्रांसफॉर्मर हटाए जाएंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर निकाला है। राष्ट्रीय मार्ग–34 बाईपास से फल मंडी तक चार लेन सड़क का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण होना है, इसके लिए विद्युत खंभे हटाए जाएंगे। यह कार्य 225. 98 लाख रुपये में होगा। अधिशाषी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि फल मंडी चौराहे से सूत मिल चौराहे तक विद्युत खंभे हटाए जाएंगे। यह कार्य 160 लाख रुपये में होगा। सूत मिल चौराहे से नादा पुल तक विद्युत खंभे हटाए जाएंगे। यह कार्य 249 लाख रुपये में होगा।

## गोपाष्टमी पर गायों का पूजन कर उन्हें गुड़ व चना खिलाया-हवन यज्ञ में दी आहुति



अलीगढ़ गायों की पूजा और सेवा करने से और कृतज्ञता दर्शनों से जीवन संवर जाता है अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव गोपाष्टमी पर शनिवार को अपर नगरायुक्त राकेश कुमार यादव ने कान्हा गौशाला पहुँचकर शहर विधायक मुक्ता राजा पार्षद योगेश सिंघल राकेश ठाकुर अंशु अग्रवाल ने गायों का पूजन कर उन्हें गुड़ व चना खिलाया। गोपाष्टमी कार्यक्रम मे अपर नगरायुक्त ने कहा हिंदू धर्म में गाय को भी भगवान माना जाता है। इसलिए उनकी पूजा की जाती है। शास्त्र की मानें तो गाय में ही सारे देवता बसते हैं और इसकी पूजा और सेवा करने से और कृतज्ञता दर्शनों से जीवन संवर जाता है गाय की पूजा से गृह पीड़ा भी समाप्त होती है। गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी कहा गया है।अपर नगर आयुक्त ने बताया मान्यताओं के अनुसार जो लोग गोपाष्टमी की पूर्व संध्या पर गाय की विधिवत पूजा करते हैं। उन्हें खुशहाल जीवन और भाग्य का आशीर्वाद भी मिलता है। कहा जाता है कि गोपाष्टमी के दिन पूजा करने वाले व्यक्ति की मनो. कामना पूरी होती हैं।इस मौके पर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी, पशु चिकित्सा व कल्याण अधिकारी राजेश वर्मा जेडएसओ दलवीर सिंह,एसएफआई रामजीलाल मीडिया सहायक एहसन रब आदि मौजूद रहे।

# ट्रंप की जीत के बाद कनाडा में क्यों घोषित हो गया हाई अलर्ट

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से दुनिया के कई देश अमेरिका में बदलने वाली नीतियों को लेकर आशंकित हैं. राष्ट्रपति चुनाव के अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसी कई घोषणाएं कर दी, जिससे कि कई देशों पर प्रभाव पड़ सकता हैं. ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका का पड़ोसी देश कनाडा भी हाई अलर्ट पर है और इसे लेकर पूरी निगरानी रखी जा रही है.किस बात को लेकर कनाडा में है 'हाई अलर्ट'कनाडा के अधिकारियों ने शुक्रवार (8 नवंबर) को कहा कि वे हाई अलर्ट पर हैं और अमेरिका के साथ बार्डर पर सख्त निगरानी रखे हुए हैं. क्योंकि अमेरिकी चुनाव के अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया था कि वे अमेरिका में इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन प्रोग्राम की शुरुआत करेंगे. उन्होंने अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों को "देश के खून को जहर" बनाने का आरोप लगाया. इसी कारण अमेरिका से भारी मात्रा में अप्रवासियों के आने की संभावना से निपटने के लिए कनाडा "हाई अलर्ट" पर है.कनाडा के रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के प्रवक्ता सार्जेंट चार्ल्स पोइरियर ने एएफपी से कहा कि,
"हम हाई–अलर्ट पर हैं. हम अपनी नजरें सीमा पर बनाए हुए हैं ताकि देख सकें कि क्या होने वाला है.. क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप के डिपोर्टेशन प्रोग्राम की वजह से कनाडा में अवैध और अनियमित प्रवासियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है."अप्रवासियों को लेकर रहा है ट्रंप का सख्त रूखडोनाल्ड ट्रंप का रूख हमेशा से ही अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को लेकर सख्त रहा है. ट्रंप अमेरिका की कितनी ही समस्याओं के लिए अवैध अप्रवासियों को सबसे बड़ा कारण मानते हैं और इसी कारण से वे अमेरिका से सभी अवैध अप्रवासियों को बाहर करने का निर्णय किया है.अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान डा. `नाल्ड ट्रंप ने इमिग्रेशन के नियमों में बदलाव किया था. यहां तक कि मैक्सिको और अमेरिका की सीमा पर एक बड़ी दीवार तक बनवा दी थी, ताकि अवैध अप्रवासियों को अमेरिका में घुसने से रोका जा सके.चुनावी रैली में डोनाल्ड ट्रंप ने की थी घोषणा इस बार भी राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान पेंसिल्वेनिया की एक रैली में डोनाल्ड ट्रंप ने इतिहास का सबसे बड़ा एंटी इमिग्रेंट प्रोग्राम चलाने की बात कही थी. जिससे अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश को रोका जाए और साथ ही लाखों अवैध अप्रवासियों के डिपोर्ट भी किया जाए.

## भारत में इस्लामी शासन लाने की इच्छा रखने वाले कर रहे प्रियंका गांधी का समर्थन, बोले केरल ब्ड पिनराई विजयन

केरल वायनाड में 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होने जा रहा है. राज्य में उपचुनावों को लेकर राजनी. तिक माहौल गरमाया हुआ है. इस बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने दावा किया है कि कांग्रेस की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वायनाड उपचुनाव में जमात–ए–इस्लामी के समर्थन से चुनावी मैदान में हैं. जानकारी के अनुसार ये बयान उन्होंने दो दिन पहले दिया था. जब वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया जो जमात–ए–इस्लामी का राजनीतिक संगठन है, ने राज्य के तीन उपचुनावों में यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) को समर्थन देने की घोषणा की थी.विजयन ने अपनी चुनावी सभा के दौरान कहा कि जमात–ए–इस्लामी एक ऐसा संगठन है जो भारत और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ खड़ा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह संगठन ष्दुनिया को इस्लामी शासनष में लाने की दिशा में काम करता है. साथ ही जम्मू–कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां जमात–ए–इस्लामी ने न केवल चुनावों का विरोध किया था, बल्कि हाल ही में भाजपा के समर्थन में भी खड़ा हुआ था. विजयन ने कहा कि कुछ कट्टरपंथी तत्व जमात–ए–इस्लामी के जरिए अपने प्रभाव का विस्तार करने की कोशिश कर रहे हैं.कांग्रेस का अभी तक नहीं आया बयान!प्रियंका गांधी के पर लगे आरोप के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. पिनराई विजयन ने कांग्रेस से पूछा कि क्या वे इस मामले पर अपना रुख साफ करेंगे. कांग्रेस के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति बन गई है, क्योंकि अगर पार्टी जमात–ए–इस्लामी के समर्थन को स्वीकार करती है, तो इसका असर उसकी धर्मनिरपेक्ष छवि पर पड़ सकता है. वहीं, अगर पार्टी इसका खंडन करती है, तो ये यूडीएफ के भीतर मतभेद को उजागर कर सकता है.लो. कसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली सीट से सांसद चुने गए थे. हालांकि, उन्होंने रायबरेली सीट से संसद जाने की राह चुनी. इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस ने गांधी परिवार की ही प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाया है.

## जम्मू–कश्मीर में ली हाई सिक्योरिटी, 5 स्टार होटल में रहा , ED की चार्जशीट में चौंकाने वाले खुलासे



जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पिछले साल ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया था. ठग किरण पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय में अति. रिक्त सचिव बताकर लोगों को खूब ठगा, जिसके बाद ईडी ने उसपर शिकंजा कसा था. अब ईडी ने प्राइम मिनिस्टर आफिस में एडिशनल डायरेक्टर बताकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाला किरण पटेल और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है.जम्मू कश्मीर सरकार से सिक्योरिटी तक ले ली थीईडी के चार्जशीट में खुलासा हुआ कि आरोपी ने खुद को प्राइम मिनिस्टर ऑफिस में तैनात अफसर बात कर जम्मू कश्मीर सरकार से सिक्योरिटी तक ले ली थी, जिससे सरकार के खजाने को काफी नुकसान हुआ था. आरोपी किरण पटेल अहमदाबाद की रहने वाली है.जांच में ईडी को पता चला था कि आरोपी किरण पटेल ने गुजरात के कई बड़े बि. जनेसमैन को भी कश्मीर में कई बिजनेस का लालच दिखाकर ठगी की थी. ईडी ने साल 2023 में आरोपी किरण पटेल और अन्य के परिसर पर छापेमारी कर कई इलेक्ट्रॉनिक और डाक्यूमेंट्री डिवाइस बरामद किए थे. खुद को पीएमओ का अधिकारी बताया पटेल को मार्च में प्रधानमंत्री कार्यालय में खुद को एक शीर्ष अधिकारी के रूप में पेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद 29 अगस्त 2023 को एक स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी. उस समय कोर्ट ने आरोपी के वकील को दो जमानतदारों के साथ एक लाख रुपये का जमानत बांड भरने का निर्देश दिया. ठग किरण पटेल को जम्मू–कश्मीर के दौरे के दौरान बुलेटप्रूफ कार, सुरक्षाकर्मी और पांच सितारा होटल में आधिकारिक आवास सहित पीएमओ के अधिकारियों को सामान्य रूप से दी जाने वाली सुविधाएं मिली हुई थी. पटेल की पत्नी मालिनी पटेल पर भी धोखाधड़ी और आ. पराधिक साजिश के आरोप हैं.

## भारत को सुपरपावर की लिस्ट में होना ही चाहिए... रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने गिनाई वजह

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने इंडिया को दुनिया की महाशक्तियों में शामिल करने की वकालत की है। इसके लिए उन्होंने कई वजहों का भी जिक्र किया। उन्होंने गुरुवार को सोची में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, विशाल आबादी और समृद्ध संस्कृति उसे यह दर्जा दिलाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि रक्षा उपकरणों का संयुक्त निर्माण मॉस्को और नई दिल्ली के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।भारत को लेकर रूसी राष्ट्रपति का बड़ा दावा पुतिन ने रूस के एक प्रमुख थिंक टैंक फोरम, वाल्डाई डिस्कशन क्लब के पूर्ण सत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को निस्संदेह ग्लोबल सुपरपावर की लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी डेढ़ अरब आबादी है। दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में इसका ग्रोथ सबसे तेज है। यहां प्राचीन संस्कृति है, इसके साथ ही यहां आगे विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं।पीएम मोदी के कजान दौरे के बाद पुतिन का बड़ा बयानरूस के राष्ट्रपति ने रक्षा सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि देखिए भारतीय सशस्त्र बलों के पास कितने प्रकार के रूसी सैन्य हथियार और उपकरण इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इस रिश्ते में बहुत भरोसा है। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कजान गए थे। दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में घनिष्ठ संबंध हैं।

## पाकिस्तान में मौत का तांडव! सामने आया क्वेटा रेलवे स्टेशन ब्लास्ट

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवारको जोरदार धमाका हुआ, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए. अब इस धमाके का दिलदहलाने वाला वीडियो सामने आया है. स्पुतनिक इंडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इस बम विस्फोट का सीसीटीवी में कैद वीडियो दिखाया है. बताया जा रहा है कि इसका लक्ष्य पाकिस्तानी सेना थे. बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लीइस घटना के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ता और स्थानीय पुलिस की टीम पहुंच गई हैं और मामले की जांच में जुट गई है.पीटीआई की रिपोर्ट के मुता. बिक बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. यह विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंगकार्यालय में हुआ.अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट से प्लेटफॉर्म की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई और धमाके की आवाज शहर के विभिन्न इलाकों में दूर–दूर तक सुनी गई. बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफरा. जबुगती ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया एक भयावह कृत्य करार दिया और तत्काल जांच के आदेश दिए.उन्होंने कहा कि आतंकवादी आम नागरिकों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों को अपना निशाना बना रहे हैं. बुगती ने कहा कि इन हमलों लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मौज़्जम जाह अंसारी ने कहा कि विस्फोट में अब तक 24 लोग मारे गए हैं. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, ष्इस हमले का निशाना इन्फैंट्री स्कूल के सैन्यकर्मी थे. घायलों में से कई की हालत गंभीर है.ष उन्होंने बताया कि विस्फोट रेलवे स्टेशन के अंदर उस समय हुआ जब पेशावर जाने वाली एक्सप्रेस अपने गंतव्य के लिए रवाना होने वाली थी.

## चीन की किस योजना पर पानी फेर सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप?

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की चुनौतियों से निपटने और अपनी धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए
चीन नए उपाय कर रहा है.ट्रंप ने चुनाव जीतने के लिए जो वादे किए थे उनमें से चीन के उत्पादों पर 60ः तक भारी आयात शुल्क लगाना भी शामिल था.अब ट्रंप की जीत से, चीन को टे. क्नोलॉजी पावरहाउस में बदलने की शी जिनपिंग की योजना में बाधा पड़ने और इससे दुनिया की सबसे बड़ी दो अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है.रियल एस्टेट में मंदी, बढ़ते सरकारी कर्ज और बेरोजगारी के अलावा उपभोग में गिरावट के कारण, महामारी के बाद से चीन की आर्थिक विकास दर धीमी पड़ चुकी है.इसलिए चीनी विधायिका के कार्यकारी निकाय नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्टैंडिंग कमेटी की आगे की घोषणाओं के लिए, अब पहले से कहीं अधिक चुनौती सामने है.अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने चीनी सामानों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए आयात शुल्क को 25ः तक बढ़ा दिया था.चीन का अध्ययन करने वाले विश्लेषक बिल
बिशप कहते हैं ट्रंप ने नए शुल्क को लेकर जो कहा था, माना जाना चाहिए कि वो अपनी बात पर अमल करेंगे.वो कहते हैं, "मुझे लगता है कि
हमें ये मान लेना चाहिए कि आयात शुल्क के बारे में ट्रंप जो बात करते हैं, उस पर अमल भी करेंगे. वो सोचते हैं कि चीन अपने व्यापार समझौते से पीछे हट रहा है और चीन और कोविड ही वे कारण हैं जिसकी वजह से 2020 का चुनाव वो हार गए थे.हालांकि 2021 में जब ट्रंप ने कार्यालय छोड़ा था, उसके बाद भी वॉशिंगटन की ओर से चीन पर दबाव कम नहीं हुआ.बाइडन प्रशासन ने इन उपायों को जारी रखा और कुछ मामलों में तो इसका दायरा और बढ़ा दिया.ट्रंप ने जब पहली बार आयात शुल्क बढ़ाए तो यह चीन के लिए बहुत पीड़ादायक रहा, लेकिन अब उसकी हालत और नाजुक है.दो साल पहले जब कोविड को लेकर चीन ने अपने यहां सख़्त पाबंदियां लगाई थीं, देश की अर्थव्यवस्था लगभग ठप पड़ गई थी और उसके बाद से ही देश महामारी से पहले वाली स्थिति में आने की जद्दोजहद कर रहा हैअर्थव्यवस्था में तेजी से रिकवरी करने की उम्मीदों के बावजूद आर्थिक मोर्चे पर चीन से लगातार नि. राशाजनक ख़बरें आती रही हैं.यहां तक कि ट्रंप की चुनावी जीत से पहले ही और सितम्बर में अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए किए गए उपायों के बा. वजूद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चीन की वार्षिक विकास दर के लक्ष्य को कम कर दिया था. आईएमएफ ने चीन की आर्थिक विकास दर के 2024 में 4.8ः रहने का अनुमान लगाया है, जोकि बीजिंग के खुद के 5ः के लक्ष्य से कम है. आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, अगले साल इसकी वृद्धि दर और गिरकर 4.5ः हो जाएगी. हालांकि चीन का शीर्ष नेतृत्व, दशकों तक चली श्सुपर फास्ट आर्थिक वृद्धिश के अंत में, इन हालात से बेख़बर नहीं है. राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साल 2017 में कहा था कि उनके देश ने ष्तेज आर्थिक वृद्धिष से ष्उच्च गुणवत्ता वाले विकासष की ओर संक्रमण की योजना बनाई है. तबसे चीनी अधिकारियों द्वारा इस शब्द का कई बार और बार–बार इस्तेमाल किया जा रहा है, ये बताने के लिए कि देश अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग और हरित उद्योग प्रधान अर्थव्यवस्था की ओर जा रहा है.लेकिन कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चीन बहुत आसानी से इन मुश्किलों से पार नहीं पा पाएगा.मॉर्गन स्टैनले एशिया के पूर्व चेयरमैन स्टीफन रोच कहते हैं, "चीन पर उसी तरह के दशकों लंबे ठहराव का ख़तरा मंडरा रहा है जैसा 1990 के दशक में जापान के साथ हुआ था जब प्रॉपर्टी का गुब्बारा फूट गया था और शेयर बाजार धड़ाम हो गया था."जापान के अंजाम से बचने के लिए, वो कहते हैं कि चीन को "अछूते उपभोक्ता मांगों" पर ध्यान देना चाहिए और "निर्यात और निवेश प्रधान विकास" से खुद को दूर करना चाहिए.उनके अनुसार, यह केवल अधिक टिकाऊ विकास को ही प्रोत्साहित नहीं करेगा बल्कि यह "व्यापारिक तनाव और बाहरी झटकों" को भी कम करेगा.यह अधिक मजबूत आर्थिक मॉडल, ट्रंप की सत्ता में दोबारा वापसी से पैदा हुए ख़तरों से निपटने में चीन की मदद करेगा.सस्ते सामानों के लिए लंबे समय से दुनिया की फैक्ट्री बने रहने वाला चीन अपनी इस सफलता को हाई टेक निर्यात में भी दोहराना चाहता है.यह पहले ही सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक व्हीकल और लीथियम ऑयन बैटरी के मामले में वर्ल्ड लीडर है.अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईए) के अनुसार, दुनिया के 80ः सोलर पैनल का उत्पादन अकेले चीन करता है. इसके अलावा यह सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक व्हीलक निर्माता है और इसमें लगने वाले बैटरी का भी सबसे बड़ा निर्माता है.




आईए ने पिछले से कहा था कि स्वस्छ ऊर्चा में चीन का निवेश पूरी दुनिया के मुकाबले एक तिहाई है और अक्ष ऊर्जा की क्षमता बढ़ाने में वो लगातार नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है.लंदन आधारित थिंक टैंक चौटम हाउस में सीनियर रिसर्च फेलो डेविल लूबिन कहते हैं, "ब. `शक चीन में हाई टेक मैन्यूफैक्चरिंग को मदद करने की पूरी कोशिश हो रही है. यह बहुत सफल रहा है."साल 2023 में इलेक्ट्रिक व्हीकल, लीथियम ऑयन बैटरी और सोलर पैनल के निर्यात में पहली बार 30ः की वृद्धि हुई और यह एक ट्रिलियन युआन (139 अरब डॉलर) के पार चला गया. क्योंकि चीन इन उद्योगों में अपने वैश्विक दबदबे को बनाए रखना जारी रखा है.निर्यात में ऐसी शानदार सफलता ने काफी हद तक चीन को रियल इस्टेट संकट को झेलने में मदद की है.इनवेस्टमेंट बैंक श्नैटिक्सिसश में एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए मुख्य आ. र्थशास्त्री एलिशिया गार्सिया–हेरेरो ने कहा, "चीन की अत्यधिक क्षमता और बढ़ेगी, इसमें कोई शक नहीं है. उनके पास विकास के लिए कोई और स्रोत नहीं है."लेकिन इन बढ़े निर्यातों के साथ ही, केवल अमेरिका की ओर से ही नहीं बल्कि पश्चिमी देशों की ओर से भी प्रति. रोध बढ़ा है.पिछले महीने ही यूरोपीय संघ ने चीन निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल गाड़ियों पर 45ः तक आयात शुल्क बढ़ा दिया.मूडी एनालिटिक्स में रिसर्च डायरेक्टर कैटरिना एल ने कहा, "इस समय समस्या ये है कि इन सामानों के सबसे बड़े ग्राहक, अमेरिका और यूरोप, अब उन्हें खरीदने को लेकर उदासीन हैं. "आज, जब ट्रंप चीनी आयात पर अंकुश लगाने के वादे के साथ ओवल ऑफिस में वापस आने जा रहे हैं, बीजिंग को खुद से सवाल करना होगा कि क्या अपनी धीमी होती अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए जा रहे ताजा उपाय पर्याप्त साबित होंगे.

**आवश्यकता है**
**हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।**
**सम्पर्क करें –**
**अमित कुमार वर्मा –संम्पादक**
**मौ:–8218049162,8273402499**

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
**मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित**
**सम्पादक–अमित कुमार वर्मा**
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा